भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
सैन्य कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1424
10 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए

भारतीय नौसेना विश्वविद्यालय प्रवेश योजना में महिलाओं का प्रवेश

1424. श्री ए.राजा:

श्री ए. गणेशमूर्ति :

श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने महिलाओं के विरूद्ध संस्थागत भेदभाव को समाप्त करने के लिए भारतीय नौसेना विश्वविद्यालय प्रवेश योजना के अंतर्गत कुछ शाखाओं में महिलाओं के प्रवेश का प्रस्ताव किया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) पाठ्यक्रम की प्रत्येक पात्र शाखा के लिए आवेदन करने वाली महिला अभ्यर्थियों की संख्या का ब्यौरा क्या है और महिलाओं के प्रवेश की तत्संबंधी वर्तमान स्थिति क्या है ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) और (ख) भारतीय नौसेना ने स्नातक स्तरीय प्रवेश हेतु महिलाओं के लिए सभी शाखाओं को खोल दिया है । शाखाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है :-

क्र.सं.	शाखा
(i)	कार्यकारी
(ii)	इंजीनियरिंग
(iii)	इलेक्ट्रिकल
(iv)	शिक्षा

(ग): भारतीय नौसेना की विभिन्न शाखाओं में स्नातक स्तर पर आवेदन करने वाली महिलाओं की संख्या का ब्यौरा और महिलाओं के प्रवेश की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है :-

शाखा	महिला आवेदकों की संख्या	स्थिति
कार्यकारी	3941*	सेना चयन बोर्ड (एसएसबी) के लिए आवेदकों का चयन प्रगति पर है ।
इंजीनियरिंग	360	
इलेक्ट्रिकल	652	
शिक्षा	411	
* कतिपय प्रवेश की आवेदन विंडो 05 फरवरी, 23 तक खुली हैं ।		

****